पत्र संख्या - कम्प्यूटर - ई - मेल संदेश / 2013-14 / 116 / वाणिज्य कर

कार्यालय कमिश्नर वाणिज्य कर, उ0प्र0

(आई0टी0 - अनुभाग)

दिनांक : लखनऊ 02 अप्रैल, 2013

समस्त अधिकारी /कर्मचारी गण

वाणिज्य कर विभाग,उत्तरप्रदेश।

वाणिज्य कर विभाग में मुख्यालय एवं क्षेत्रीय कार्यालयों हेतु जन शिकायत निवारण की व्यवस्था कार्यशील है परन्तु विभागीय अधिकारियों / कर्मचारियों के मध्य आपसी विचार विमर्श एवं सुझावो के आदान प्रदान की व्यवस्था की कमी महसूस की जा रही है जबकि इस प्रकार का पारस्परिक आदान प्रदान कार्मिकों की मनोबल वृद्धि तथा विभागीय प्रक्रियाओं में परिमार्जन हेतु सहायक सिद्ध हो सकता है।

उक्त स्थिति को दृष्टिगत रखते हुये विभागीय अधिकारियों /कर्मचारियों से विभाग के बेहतर संचालन के लिये उनके मूल्यवान सुझाव आमंत्रित करने हेतु ई-मेल आई0डी0 comtax.suggestions@rediffmail.com बनाई गयी है। सुझाव प्रेषित करते समय कृपया यह अवश्य ध्यान रखा जाये कि सुझाव क्रिया योग्य बिन्दु (actionable points / do-ables) होने चाहिये।

विभागीय अधिकारियों /कर्मचारियों के मध्य विचार विमर्श / सुझावों के आदान प्रदान की व्यवस्था को और पारस्परिक (Interactive) बनाते हुये Facebook पर भी Commercial Taxes Department का एक समूह (ग्रुप) तैयार किया गया है जिसका URL www.facebook.com/groups/comtax है तथा यह विभागीय कार्मिकों के मध्य आन्तरिक सुझाव प्रदाता समूह (Closed user group) के रुप में कार्य करेगा। इस ग्रुप पर भी विभागीय अधिकारियों तथा कर्मचारियों द्वारा सुझाव (Post) भेजे जा सकेंगें।

कृपया विभागीय कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी एवं कार्यकुशल बनाने के उद्देश्य से समुचित, सारगर्भित तथा क्रियात्मक सुझाव उक्त Group तथा e-mail address पर प्रेषित करें।

(हिमांशु कुमार)
कमिश्नर, वाणिज्य कर,
उत्तर प्रदेश।

पृ0प0सं0 व दिनांक : उक्त।

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. एडीशनल कमिश्नर (प्रशासन) वाणिज्य कर मुख्यालय लखनऊ।
2. एडीशनल कमिश्नर (विधि), वाणिज्य कर मुख्यालय लखनऊ।
3. वरिष्ठ स्टाफ अधिकारी प्रथम, वाणिज्य कर मुख्यालय लखनऊ।
4. स्थापना पटल (आई0टी0)गार्ड फाइल में रखने हेतु।

02.04.13

(संजय कुमार)
डिप्टी कमिश्नर (आई0टी0)
वाणिज्य कर, मुख्यालय, लखनऊ।